सेमीकंडक्टर और माइक्रोचिप के लिए मिलकर काम करने के इच्छुक ताइवान व यूपी

एकेटीयू पहुंचे ताइवान के प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता पर की चर्चा। -विज्ञप्ति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश और ताइवान सेमीकंडक्टर, माइक्रोचिप और स्पेसटेक के क्षेत्र में मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। शनिवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) पहुंचे ताइवान के प्रतिनिधिमंडल ने इस पर चर्चा की।

एकेटीयू पहुंचे ताइवान के प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता पर की चर्चा

कहा, यूपी के अच्छे स्टार्टअप को ताइवान में काम करने का देंगे अवसर

विवि स्थित इनोवेशन हब में शोध और उद्यमिता के क्षेत्र में बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा के लिए दो सदस्यीय ताइवानी प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिवीजन ताइवान के निदेशक डॉ. चिन सैंग वैंग और सहायक निदेशक एल्ली च्यांग शामिल हैं। उन्होंने एसोसिएट डीन डॉ. अनुज शर्मा और इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह से स्टार्टअप और शोध के अवसरों पर चर्चा की। ताइवान की ओर से स्टार्टअप के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं और छात्रवृत्ति के बारे में बताया।

प्रतिनिधिमंडल ने सेमीकंडक्टर, माइक्रोचिप और स्पेसटेक के क्षेत्र में अवसरों की जानकारी दी। इन तीनों क्षेत्रों में काम करने वाले चयनित स्टार्टअप को ताइवान में काम करने का अवसर देने की बात कही। स्टार्टअप एक्सीलेंस प्रोग्राम के तहत चयनित स्टार्टअप को इसके लिए आवश्यक सहयोग करेंगे। इसके लिए जल्द ही एमओयू करने पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने इनोवेशन हब की टीम को ताइवान स्थित टेक्नोलॉजी पार्क देखने के लिए आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर इनोवेशन हब की मैनेजर वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना, हिमांशू शर्मा, संदीप कुमार आदि उपस्थित थे। ब्यूरो